CBSE Class 06 Hindi
NCERT Solutions
पाठ-01 वह चिड़िया जो

1. तुम्हें कविता को कोई और शीर्षक देना हो तो क्या शीर्षक देना चाहोगे? उपयुक्त शीर्षक सोच कर लिखो।
उत्तर:- मैं इस कविता को 'नीले पंखोंवाली चिड़िया' शीर्षक दूँगी। इसके अन्य शीर्षक ' नन्हीं चिड़िया या सुंदर चिड़िया 'भी हो सकते हैं ।

2. इस कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?
उत्तर:- चिड़िया को खेतों में लगी जौ-बाजरे की फलियों से, जंगल से और जिस नदी से वह ठंडा और मीठे पानी पीती है ,उससे प्यार है। उसे जंगल में मधुर स्वर में गाना भी अच्छा लगता है ।

3. आशय स्पष्ट करो -
रस उँडेल कर गा लेती है
उत्तर:- इस पंक्ति का आशय यह है कि चिड़िया खुश होकर गाने लगती है क्योंकि वह स्वतंत्र है । उसके गाने में माधुर्य है। ऐसा लगता है जैसे उसने जैसे वातावरण में रस उंडेल कर उसे रसमय कर दिया है।

4. आशय स्पष्ट करो -
चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है
उत्तर:- इस पंक्ति का आशय है कि चिड़िया ऐसे ही नदी से जल-कण लेकर अपनी प्यास नहीं बुझाती। वह पहले उफनती हुई नदी का मन टटोलती है और उसकी इच्छा का भी ध्यान रखती है। अंत में अपनी कार्य-कुशलता से जल राशि के बीच स्थित जल के मोती को ढूँढ लेती है क्योंकि उस जल से चिड़िया की प्यास बुझती है इसलिए पानी मोती के समान अमूल्य है ।

5. नीचे पक्षियों के कुछ नाम दिए गए हैं। उनमें यदि कोई पक्षी एक से अधिक रंग का है तो लिखो कि उसके किस हिस्से का रंग कैसा है? जैसे तोते की चोंच लाल है, शरीर हरा है।
मैना ,कौआ ,बतख ,कबूतर
उत्तर:- मैना - हल्के काले रंग की होती है और गर्दन पर हल्के धब्बे होते हैं ।

कौआ- काले रंग का होता है। इसके पंख कहीं-कहीं गहरे व कहीं-कहीं हल्के काले होते हैं ।
बतख - बतख की चोंच व पाँव हल्के पीले रंग के होते हैं व पूरा शरीर सफ़ेद पंखों से ढका होता है।
कबूतर - कबूतर सलेटी रंग का होता है। उसकी आँखें लाल व पाँव गुलाबी रंग के होते हैं। उसकी गर्दन पर हलके काले व सतरंगी

रंग की झलक देखने को मिलती है।

6. कविता का हर बंध' वह चिड़िया जो' से शुरू होता है और' मुझे.... बहुत प्यार है' पर खत्म होता है। तुम भी दी गई इन पंक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी कल्पना से कविता में कुछ नए बंध जोड़ो।

उत्तर:- वह चिड़िया जो गाती -
मुझे उड़ना बेशुमार है,
देखना हर एक गाँव है,
बनाने मित्र हजार है,
मुझे जीवन से बहुत प्यार है।

• भाषा की बात

7. पंखों वाली चिड़िया
ऊपर वाली दराज
नीले पंखों वाली चिड़िया
सबसे ऊपर वाली दराज
यहाँ रेखांकित शब्द विशेषण का काम कर रहे हैं। अगले पृष्ठ पर' वाला/वाली' जोड़कर बनने वाले कुछ और विशेषण दिए गए हैं। ऊपर दिए गए उदाहरणों की तरह इनके आगे एक-एक विशेषण और जोड़ो -
.... मोरों वाला बाग
.... पेड़ों वाला घर
.... फूलों वाली क्यारी
.... खादी वाला कुर्ता
.... रोने वाला बच्चा
.... मूँछों वाला आदमी

उत्तर:- सुंदर मोरों वाला बाग
हरे-भरे पेड़ों वाला घर
गुलाबी फूलों वाली क्यारी
सफ़ेद खादी वाला कुर्ता
बिलख-बिलखकर रोने वाला बच्चा
बड़ी मूँछों वाला आदमी

8. वह चिड़िया .... जुंडी के दाने रुचि से........ खा लेती है।
वह चिड़िया .... रस उँडेल कर गा लेती है।

कविता की इन पंक्तियों में मोटे छापे वाले शब्दों को ध्यान से पढ़ो। पहले वाक्य में 'रुचि से' खाने के ढंग की और दूसरे वाक्य में 'रस उँडेल कर' गाने के ढंग की विशेषता बता रहे हैं। अत: ये दोनों क्रिया-विशेषण हैं। नीचे दिए वाक्यों में कार्य के ढंग या रीति से संबंधित क्रिया-विशेषण छाँटो -

(क) सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूँसने लगी ।

(ख)गेंद लुढ़कती हुई झाड़ियों में चली गई ।

(ग)भूकंप के बाद जनजीवन धीरे- धीरे सामान्य होने लगा ।

(घ) कोई सफ़ेद-सी चीज धप्प से आँगन में गिरी ।

(ड) टॉमी फुर्ती से चोर पर झपटा ।

(च) तेजिंदर सहमकर कोने में बैठ गया ।

(छ) आज अचानक ठंड बढ़ गई है ।

(क) सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूँसने लगी ।

(ख)गेंद लुढ़कती हुई झाड़ियों में चली गई ।

(ग)भूकंप के बाद जनजीवन धीरे- धीरे सामान्य होने लगा ।

(घ)कोई सफ़ेद-सी चीज धप्प से आँगन में गिरी ।

(ड)टॉमी फुर्ती से चोर पर झपटा ।

(च)तेजिंदर सहमकर कोने में बैठ गया ।

(छ)आज अचानक ठंड बढ़ गई है ।